फाइल सं. 5–3/2020:21–पीआर
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पुराना मिन्टो रोड, नई दिल्ली – 110002

दिनांकः 22 सितम्बर, 2020

सीमित निविदा जांच

सेवा में

........................................................
........................................................
........................................................

विषयः भादूविप्रा, मुख्यालय, नई दिल्ली के लिए दैनिक आधार पर ऑनलाइन मीडिया प्लेटफार्म (अखिल भारतीय स्तर) में प्रकाशित और (समाचार पत्र) (महानगर यथा दिल्ली/ मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई) में मुद्रित प्रकाशन में दूरसंचार एवं प्रसारण क्षेत्र से संबंधित समाचार क्लिपिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु किसी एजेंसी को मेहनताना पर नियुक्त करने के लिए सीमित निविदा जांच (एलटीई)/ संविदा दर

अधोहस्ताक्षरी को भादूविप्रा, महानगर दूरसंचार भवन, नई दिल्ली निम्नलिखित निबंधन व शर्तों पर दैनिक आधार पर ऑनलाइन मीडिया प्लेटफार्म (अखिल भारतीय स्तर) में प्रकाशित और (समाचार पत्र) (महानगर यथा दिल्ली/ मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई) में मुद्रित प्रकाशन में दूरसंचार एवं प्रसारण क्षेत्र से संबंधित समाचार क्लिपिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु किसी एजेंसी को मेहनताना पर नियुक्त करने के लिए सीलबंद एलटीई/ संविदा भाव को आमंत्रित करने का निदेश हुआ है। यदि आप भादूविप्रा को उपर्युक्त सेवाएं देने के लिए इच्छुक हों, तो आपसे अनुरोध है कि आप सीलबंद लिफाफे में नाम के साथ अधोहस्ताक्षरी को इस सेवा के लिए अपने प्रस्ताव/ बोली सौंपे। यह सीलबंद एलटीई/ संविदा भाव वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जन संपर्क), भादूविप्रा, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पुराना मिन्टो रोड, नई दिल्ली–110002 को संबोधित हो और इस पर स्पष्ट रूप से ''दैनिक आधार पर ऑनलाइन मीडिया प्लेटफार्म (अखिल भारतीय स्तर) में प्रकाशित और (समाचार पत्र) (महानगर यथा दिल्ली/मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई) में मुद्रित प्रकाशन में दूरसंचार एवं प्रसारण क्षेत्र से संबंधित समाचार क्लिपिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु किसी एजेंसी को मेहनताना पर नियुक्ति'' अंकित हो और जो दिनांक 12 अक्तूबर, 2020 को 3.00 बजे अपराह्न तक इस कार्यालय में पहुंच जाए। बोलीकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे एलटीई दस्तावेज को ध्यानपूर्वक पढ़ें और इसमें अंतर्विष्ट विभिन्न प्रावधानों और इनके निहितार्थ को समझें। प्रस्ताव/ बोली संबंधी दस्तावेजों को निम्नलिखित रूप में क्रमबद्ध करें यथा (1) ईएमडी, (2) सभी सहायक दस्तावेजों के साथ अनुबंध–क (बोलीकर्ता का ब्यौरा), (3) बोलीकर्ता द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित एलटीई की प्रति, (4) अनुबंध–ख (दर अनुसूची) आदि।

2. एलटीई/ संविदा भाव को निविदा मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा भादूविप्रा सम्मेलन कक्ष, तीसरा तल, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पुराना मिन्टो रोड, नई दिल्ली–110002 में दिनांक 12 अक्तूबर, 2020 को अपराह्न 04.00 बजे

निविदाकर्ताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों, जो वहां उपस्थित रहना चाहते हों, के समक्ष खोला जाएगा। कोविड–19 के कारण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एलटीई को खोलने पर भी विचार किया जाएगा। यदि एलटीई खोलने की तिथि भारत सरकार द्वारा कोई घोषित अवकाश हो तो एलटीई को उसी स्थान पर अगले कार्य दिवस को 4.00 बजे खोला जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि संविदा अवधि के दौरान किसी फर्म द्वारा दी जाने वाली सेवा संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उक्त संविदा को किसी सूचना के बिना निरस्त कर दिया जाएगा। प्रविष्टि का पैनल निम्नलिखित निबंधन व शर्तों के अध्यधीन होगाः–

निबंधन और शर्तें

1. नियत दिन और समय के बाद, सीलबंद कवर के बिना, अनुबंध क (बोलीकर्ता का ब्यौरा) जिसमें सभी सहायक/ आवश्यक दस्तावेज और अनुबंध– ख (दर अनुसूची) में दिए गए प्रपत्र में उद्धृत दर रहित प्राप्त एलटीई/ संविदा भाव को मूल्यांकन को स्वीकार नहीं किया जाएगा/विचार नहीं किया जाएगा।

2. फर्म का दिल्ली/ एनसीआर में कोई संपर्क कार्यालय हो।

3. इस फर्म के पास दैनिक आधार पर पीएसयू/मंत्रालयों/ कापोरेट हाउसों में समाचार–पत्र/ पत्रिकाएं देने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव हो। एलटीई/ संविदा भाव के साथ आवश्यक सहायक दस्तावेज संलग्न होना चाहिए जिसके नहीं होने पर उक्त प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. पैन कार्ड/ जीएसटी नम्बर की प्रति एलटीई/ संविदा भाव के साथ संलग्न होना चाहिए जिसके नहीं होने पर प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. ईएमडीः– निविदाकर्ता को भादूविप्रा के पक्ष में और जो दिल्ली में देय हो, पे आर्डर अथवा मांग पत्र के माध्यम से अग्रिम राशि के रूप में 5000 रूपये (पांच हजार रुपये मात्र) की राशि जमा करना होगा।

6. एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के मामले में ईएमडी से छूट एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के तहत पंजीकृत कंपनियों के लिए होगी। बोलीकर्ता को एलटीई/ संविदा भाव के साथ एमएसएमई प्रमाणपत्र संलग्न करना चाहिए जिसके नहीं रहने पर प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. इस संबंध में एक स्वप्रमाण कि निविदाकर्ता को केंद्र/ राज्य सरकार/ सरकारी क्षेत्र की इकाई द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है अथवा उसके खराब कार्यनिष्पादन के कारण उसकी संविदा को समाप्त नहीं किया गया है, एलटीई/ संविदा भाव के साथ संलग्न करना चाहिए जिसे संलग्न नहीं किए जाने पर उसके प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. बोलीकर्ता द्वारा प्रस्ताव के साथ विधिवत् रूप से हस्ताक्षरित एलटीई की पूर्ण प्रति और सील लगाना चाहिए।

9. शुरूआती चरण में यह संविदा इस समझौते की शुरूआत की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। भादूविप्रा के पास परस्पर स्वीकार्य निबंधन व शर्तों और दरों के आधार पर इस अवधि को एक या एक से अधिक वर्ष के लिए बढ़ाने का विवेकाधिकार होगा। यह संविदा एल–1 बोलीकर्ता को दिया जाएगा। *यदि दर एकसमान हो तो संविदा उस निविदाकर्ता को दिया जाएगा जिसके पार अधिक अनुभव है और/ अथवा जिनके पास अधिक ठेका है।*

10. संविदागत/ स्वीकृत दरों में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध को किसी भी कारण से स्वीकार नहीं किया जाएगा।

11. किसी भी मामले में या किसी भी रूप में संयाचना तथा निविदाकार, जो संयाचना का सहारा लेते हैं, की किसी निविदा दरों को कड़ाई से रद्द कर दिया जाएगा।

12. दरों को मिटाए अथवा उपरिलेखन किए बिना उद्धृत किया जाना चाहिए। दरों में किसी भी प्रकार के संशोधन पर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए अन्यथा निविदा को रद्द कर दिया जाएगा।

13. भादूविप्रा के सक्षम प्राधिकारी के पास तत्संबंधी कोई कारण बताए बिना किसी अथवा सभी दर संविदा भाव को रद्द करने का अधिकार है। भादूविप्रा सबसे कम निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

14. टीईसी द्वारा संस्तुत और भाद्रविप्रा में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित फर्म को कार्य आदेश जारी किया जाएगा।

15. सफल बोलीकर्ता निम्न दिए गए रूप और अनुबंध– ख (दर अनुसूची) के अनुसार कार्य को करेंगे और बोलीकर्ता निम्न अनुसूची और तरीके के अनुसार दैनिक आधार पर आवश्यक प्रेस क्लिपिंग प्रदान करेगा–

| क्रम संख्या | विवरण | सौंपने का समय |
|---|---|---|
| 1. | दो पीडीएफ में मुद्रण प्रकाशन (समाचार पत्र) (महानगर अर्थात् दिल्ली/ मुम्बई/ कोलकाता और चेन्नई)<br><br>(1) दूरसंचार – समाचार पत्र क्लिपिंग<br>(2) प्रसारण – समाचार पत्र क्लिपिंग | प्रतिदिन, पूर्वाह्न 7.30 बजे |
| 2 | दो पीडीएफ में ऑनलाइन मीडिया प्लेटफार्म (अखिल भारतीय स्तर) में प्रकाशित समाचारों की समाचार क्लिपिंग नामतः<br><br>(1) दूरसंचार – ऑनलाइन मीडिया प्लेटफार्म समाचार<br>(2) प्रसारण – ऑनलाइन मीडिया प्लेटफार्म समाचार | प्रतिदिन, पूर्वाह्न 9.30 बजे |

16. यदि कोई फर्म निर्धारित समय में उपर्युक्त कार्य नहीं सौंपता है तो प्रतिदिन 500/– रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

17. फर्म को उक्त कार्य के लिए बिल देने के बाद मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा।

18. भादूविप्रा के पास पुनर्निविदा निकालने अथवा उक्त निविदा की निबंधन व शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। उसके पास सबसे कम संविदा भाव वाले निविदाकर्ता अर्थात एल–1 के साथ दरों पर समझौता करने का अधिकार भी सुरक्षित है।

19. संविदा/ संविदाओं के विरूद्ध कार्यादेशों से उत्पन्न होने वाले विवादों, यदि कोई हो, का न्यायिक निर्णय केवल दिल्ली के न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

अनुबंध–क

बोलीकर्ता का ब्योरा

(फर्म/ कंपनी के लेटर हेड पर दिया जाए)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सेवा प्रदाता/ फर्म/ कंपनी का नाम और पूरा पता (पता साक्ष्य के साथ) | |
| 2. | स्वामी का नाम/ अधिकृत निदेशक का नाम | |
| 3. | पैन नम्बर (प्रति संलग्न करें) | |
| 4. | जीएसटी संख्या (प्रति संलग्न करें) | |
| 5. | लैंडलाइन टेलिफोन नम्बर<br>फैक्स नम्बर<br>मेबाइल नम्बर | |
| 6. | ईमेल आईडी | |
| 7. | कंपनी पंजीकरण का सीआईएन नम्बर (प्रति संलग्न करें) | |
| 8. | एमएसएमई पंजीकरण ब्योरा (प्रति संलग्न करें) | |
| 9. | कारोबार शुरू करने की तिथि<br>(प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आईटीआर की प्रति को संलग्न करें) | |
| 10. | अनुभव (वर्ष में)<br>(सहायक दस्तावेज संलग्न करें) | |
| 11. | प्रमुख ग्राहकों की सूची<br>(ब्योरा सहित संविदा की प्रति संलग्न करें) | |
| 12. | क्या उक्त फर्म/ कंपनी को किसी कंपनी द्वारा काली सूची में डाला गया है अथवा खराब कार्यनिष्पादन के कारण संविदा समाप्त कर दिया गया है (स्व–प्रमाणन प्रति संलग्न करें) | |
| 13. | कार्य निष्पादन रिपोर्ट यदि कोई हो (प्रति संलग्न करें) | |
| 14. | जारी संविदा का ब्योरा (प्रति संलग्न करें) | |
| 15. | ठेका देने के लिए निविदाओं की क्षमताओं के मूल्यांकन से संबंधित कोई अन्य सूचना | |
| 16. | ईएमडी ब्योरा | |
| 17 | एलटीई की विधिवत् हस्ताक्षरित प्रति | |

निविदाकर्ता का नाम और हस्ताक्षर (मुहर सहित)

स्थानः

तिथिः ..../...../2020

अनुबंध : ख

## दर अनुसूची

(फर्म / कंपनी के लैटर हेड पर दिया जाए)

| क्रम संख्या | अपेक्षित कार्य | प्रतिमाह दर (रूपये में) | प्रयोज्य कर | प्रतिमाह कुल लागत (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ = ग+घ |
| 1. | एलटीई दस्तावेज के अनुसार दैनिक आधार पर ऑनलाइन मीडिया प्लेटफार्म (अखिल भारतीय स्तर) में प्रकाशित और समाचार पत्र (महानगर यथा दिल्ली/ मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई) में मुद्रित प्रकाशन में दूरसंचार एवं प्रसारण क्षेत्र से संबंधित समाचार क्लिपिंग सेवाएं प्रदान करना। | | जीएसटी @................ %<br>आईजीएसटी @.......... %<br><br>कुल कर<br><br>.............. रूपये | |

प्रतिमाह कुल लागत (शब्दों में) ........................................................................................................................................... मात्र

निविदाकर्ता का नाम और हस्ताक्षर (मुहर के साथ)

स्थानः

तिथि .........../......../ 2020

**अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।**